तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **हिम्मत सिंह गहलोत** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353244409097211
03/02/26	अपीलार्थी हिम्मत सिंह गहलोत निवासी सुलिया बाग चौखा बाईपास रोड़, चौपासनी, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 11.12.2025 जिला कलक्टर, जोधपुर द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक प.40 (35) सामान्य/2025/1959 दिनांक 04.11.2025 द्वारा गठित संयुक्त विभागीय जांच समिति द्वारा की जांच की पूर्ण एवं अंतिम रिपोर्ट की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष ने अपने पत्रांक 72 दिनांक 13.01.2026 द्वारा अवगत करवाया कि उक्त आवेदन के संबंध में प्राप्त जांच रिपोर्ट अपूर्ण/अस्पष्ट प्राप्त हुई है। जो कार्यालय पत्रांक 13.01.2026 द्वारा अपीलार्थी को ऑनलाईन उपलब्ध करवादी गई है साथ ही संबंधित गठित कमेटी से पूर्ण एंव स्पष्ट जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अपीलार्थी उपलब्ध करवादी जायेगी। कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने से अपील खारिज योग्य है। अतः लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) की तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.02.03 10:03:45 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
20278271